# GSEB Std 10 Hindi Textbook Solutions Chapter 8 सुधामूर्ति

## GSEB Class 10 Hindi Solutions सुधामूर्ति Textbook Questions and Answers

स्वाध्याय

1. निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
सुधा कुलकर्णी ने अपनी पढ़ाई किस क्षेत्र में की थी ?
(अ) कम्प्यूटर विज्ञान
(ब) ऑटोमोबाइल विज्ञान
(क) सिविल इंजीनियरिंग
(ड) इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग
उत्तर :
(अ) कम्प्यूटर विज्ञान

प्रश्न 2.
किस कंपनी के विज्ञापन में लिखा था कि महिला उम्मीदवार आवेदन न करें ?
(अ) टेल्को
(ब) इन्फोसिस
(क) वीडियोकोन
(ड) सेमसंग
उत्तर :
(अ) टेल्को

प्रश्न 3.
विज्ञापन से किस प्रकार का भेदभाव स्पष्ट होता था ?
(अ) अमीर-गरीब का
(ब) महिला-पुरुष का
(क) ऊँच-नीच जाति का
(ड) कुशलता-अकुशलता का
उत्तर :
(ब) महिला-पुरुष का

प्रश्न 4.
सुधा कुलकर्णी को साक्षात्कार के लिए कहाँ बुलाया गया ?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(अ) मुंबई

(ब) पूना

(क) कलकत्ता

(ड) अहमदाबाद

उत्तर :

(ब) पूना

प्रश्न 5.

लेखिका सुधामूर्ति को 2002 में 'वुमन ऑफ द इयर' का पुरस्कार किसने दिया ?

(अ) कर्णाटक राज्य सरकार

(ब) उड़ीसा सरकार

(क) एफ. एम. रेडियो

(ड) इन्फोसिस फाउंडेशन

उत्तर :

(क) एफ. एम. रेडियो

## 2. निम्नलिखित प्रश्नों के एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.

टेल्को कंपनी का विज्ञापन किस पद के लिए था ?

उत्तर :

टेल्को कंपनी का विज्ञापन इंजीनियर के पद के लिए था।

प्रश्न 2.

विदेश जाकर सुधा किस क्षेत्र में पढ़ाई करना चाहती थी ?

उत्तर :

विदेश जाकर सुधा कम्प्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में पढ़ाई करना चाहती थी।

प्रश्न 3.

विज्ञापन की अंतिम पंक्ति पढ़कर सुधा के मन में क्या विचार आये ?

उत्तर :

विज्ञापन की अंतिम पंक्ति पढ़कर सुधा के मन में विचार आया कि यह तो स्त्री-पुरुष के बीच असमानता की बात है। इस भेदभाव को सहना उसके बस की बात नहीं है, वह इसका डटकर विरोध करेगी।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

प्रश्न 4.
वृद्ध सज्जन ने स्नेहमयी वाणी में साक्षात्कार के समय सुधा से क्या कहा ?
उत्तर :
वृद्ध सज्जन ने स्नेहमयी वाणी में साक्षात्कार के समय सुधा से कहा कि यहाँ फैक्टरी में मुख्य कार्य-स्थल पर किसी महिला की नियुक्ति नहीं की जाती, अत: आपको अनुसंधान-शालाओं में जाकर कार्य करना चाहिए।

प्रश्न 5.
सुधा कुलकर्णी ने किससे शादी की ?
उत्तर :
सुधा कुलकर्णी ने नारायणमूर्ति से शादी की।

प्रश्न 6.
इन्फोसिस फाउंडेशन ने कर्णाटक के सरकारी स्कूलों के लिए क्या किया ?
उत्तर :
इन्फोसिस फाउंडेशन ने कर्णाटक राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में एक-एक कम्प्यूटर की योजना बनाई और उसे कार्यरूप दिया।

प्रश्न 7.
सुधामूर्ति महिलाओं की सफलता पर क्या कह उठी ?
उत्तर :
सुधामूर्ति महिलाओं की सफलता पर कह उठी कि उनका मार्ग कठिन अवश्य हैं किंतु उस पर उन्हें चलना जरूरी है।

### 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.
टेल्को विज्ञापन में चौंकानेवाली क्या बात थी ?
उत्तर :
विज्ञापन प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल कंपनी टेल्को (टाटा) को योग्य और परिश्रमी इंजीनियरों की आवश्यकता के बारे में था। उसमें अंतिम पंक्ति में छोटे-छोटे अक्षरों में लिखा था- 'महिला उम्मीदवार आवेदन न भेजें।' टेल्को के विज्ञापन में यह चौंकानेवाली बात थी।

प्रश्न 2.
सुधा ने स्त्री-पुरुष के भेदभाव के लिए क्या निश्चय किया ?
उत्तर :

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

सुधा ने विज्ञापन में छोटे-छोटे अक्षरों में 'महिला उम्मीदवार आवेदन न भेजें' वाक्य पढ़ा, तो यह बात उन्हें पची नहीं। उन्होंने निश्चय किया कि वे टेल्को कंपनी के सर्वोच्च अधिकारी को सूचित करेंगी कि उनकी कंपनी महिलाओं को इस प्रकार का अन्याय कर रही है।

प्रश्न 3.

सुधा और नारायण मूर्ति ने इन्फोसिस फाउंडेशन द्वारा क्या-क्या कार्य किये ?

उत्तर :

सुधा और नारायणमूर्ति ने इन्फोसिस फाउंडेशन द्वारा सामाजिक विकास, समाजसुधार तथा राहत कार्य के अनेक कार्य किये। उन्होंने सरकारी स्कूलों में एक-एक कम्प्यूटर और लाइब्रेरी योजना को कार्यरूप दिया। अनेक अस्पतालों को चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए। अनेक शहरों में चिकित्सा सहायता दी और राहत कार्य करवाए। अनेक गाँवों में कम्प्यूटर वितरित किए, स्कूली इमारतें बनवाई तथा विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां दीं।

प्रश्न 4.

कर्णाटक सरकार तथा अन्य संस्थाओं द्वारा सुधा को किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया ?

उत्तर :

सुधामूर्ति को उनके कार्यों के लिए अनेक पुरस्कार दिए गए। कर्नाटक सरकार तथा अन्य संस्थाओं द्वारा सुधा को कर्नाटक राज्योत्सव पुरस्कार, ओजस्विनी पुरस्कार, मिलेनियम महिला शिरोमणि पुरस्कार, वुमन ऑफ द ईयर (एफ. एम. रेडियो द्वारा) तथा राजलक्ष्मी आदि पुरस्कार दिए गए।

### 4. निम्नलिखित प्रश्नों के चार-पाँच वाक्यों में उत्तर लिखिए :

प्रश्न 1.

साक्षात्कार में सुधा ने अपनी दृढ़ता का परिचय कैसे कराया ?

उत्तर :

साक्षात्कार में काफी तकनीकी प्रश्न पूछे गए थे और सुधामूर्ति ने उनके सही-सही उत्तर दिए थे। पर एक बुजुर्ग सज्जन ने कहा कि यहाँ फैक्टरी में मुख्य कार्य-स्थल पर महिलाओं की नियुक्ति नहीं होती। उनका उत्तर सुनकर सुधा ने दृढतापूर्वक कहा कि आपको कहीं-न-कहीं से तो शुरुआत करनी होगी, वरना आपकी फैक्टरी में कभी भी कोई महिला काम नहीं कर पाएगी और सुधा को उस कंपनी में इंजीनियर के पद पर नियुक्त कर दिया गया।

प्रश्न 2.

सुधा के स्थान पर आप होते तो क्या करते ?

उत्तर :

आज की नारी प्राचीन काल की नारी नहीं रह गई है। प्राचीन काल में महिलाओं के लिए विभिन्न कारणों से शिक्षा और विकास के अवसर उपलब्ध नहीं थे। वह पुरुषप्रधान समय था। तब महिलाओं

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

के लिए बहुत कम क्षेत्र उपलब्ध थे। इसलिए लोगों की धारणा बन गई थी कि महिलाएं कुछ निश्चित कार्य ही कर सकती हैं। आज महिलाओं के लिए शिक्षा, तकनीक, राजनीति, व्यवसाय, विज्ञान आदि हर क्षेत्र खुले हैं। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं।

वे कार्यालयों में नियुक्ति से लेकर शिक्षिका, वैज्ञानिक, व्यवस्थापिका, इंजीनियर, नेता आदि सभी रूपों में अपना महत्त्व सिद्ध कर चुकी हैं। इसलिए सुधा के स्थान पर यदि मैं होता, तो किसी महिला संगठन से संपर्क कर किसी चैनल पर बड़े पैमाने पर डिबेट आयोजित करता, ताकि देश की सभी शिक्षित युवतियों को अपने साथ होनेवाले भेदभाव की जानकारी होती और इस प्रकार के नियोक्ताओं की आँखें खुल जाती।

प्रश्न 3.
सुधामूर्ति महिलाओं के लिए किस प्रकार प्रेरणा मूर्ति है ?
उत्तर :
सुधामूर्ति एक साहसी और दृढ़ संकल्पवाली महिला हैं। वे समाज विकास तथा समाजसुधार के प्रति समर्पित हैं। महिलाओं के प्रति अन्याय उन्हें सहन नहीं होता। टेल्को (टाटा) की ओर से इंजीनियरों की आवश्यकतावाले विज्ञापन में महिलाओं के लिए आवेदन न करनेवाले वाक्य के खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई और टेल्को में इंजीनियर के पद पर पहली महिला के रूप में उनकी नियुक्ति हुई।

इसके बाद उन्होंने अपने पति नारायण मूर्ति के साथ इन्फोसिस जैसी कंपनी की स्थापना की। वे इन्फोसिस फाउंडेशन की चेयरपर्सन बनीं और इसके माध्यम से उन्होंने समाज विकास, लेखन, समाजसुधार, शिक्षा, चिकित्सा, गरीब छात्रों की सहायता, स्कूलों की इमारतों का निर्माण जैसे अनेक कार्य किए। उन्हें अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इस प्रकार सुधामूर्ति महिलाओं के लिए प्रेरणामूर्ति बन गई हैं।

### 5. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द दीजिए :
प्रश्न 1.

1. परिसर - ..........
2. शुरुआत - ..........
3. मेहनत - ..........
4. सूखा - ..........
5. अनुसंधान - ..........
6. पुरस्कार - ..........

उत्तर :

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

1. परिसर - प्रांगण
2. शुरुआत - आरंभ
3. मेहनत - परिश्रम
4. सूखा - अकाल
5. पुरस्कार - ईनाम

8. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ देकर वाक्य प्रयोग कीजिए :

प्रश्न 1.

फूला न समाना, बात न पचना

उत्तर :

फूला न समाना-बहुत प्रसन्न होना वाक्य : बेटा डॉक्टर बना, यह देखकर मां फूली न समाई।

9. निम्नलिखित कहावत का अर्थ समझाइए :

प्रश्न 1.

दिन दूनी रात चौगुनी

उत्तर :

बहुत तेजी से

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in